NEW YORK STATE | Department of Labor
WORKING FOR YOU

विविध उद्योग के कर्मचारी ध्यान दें

1/1/2026 – 12/31/2026 से न्यूनतम वेतन प्रति घंटा दरें प्रभावी

New York City

बड़े नियोक्ता (**11 या अधिक** कर्मचारी)		छोटे नियोक्ता (**10 या उससे कम** कर्मचारी)	
न्यूनतम वेतन	**$17.00**	**न्यूनतम वेतन**	**$17.00**
	40 घंटों के बाद ओवरटाइम $25.50		40 घंटों के बाद ओवरटाइम $25.50
टिप मज़दूर	**$17.00**	**टिप मज़दूर**	**$17.00**
	40 घंटों के बाद ओवरटाइम $25.50		40 घंटों के बाद ओवरटाइम $25.50

Long Island और Westchester County

न्यूनतम वेतन **$17.00**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $25.50

टिप मज़दूर **$17.00**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $25.50

New York State के बाकी भाग

न्यूनतम वेतन **$16.00**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $24.00

टिप मज़दूर **$16.00**

40 घंटों के बाद ओवरटाइम $24.00

अगर आपका कोई प्रश्न है, अधिक जानकारी चाहते हैं या शिकायत दर्ज करना चाहते हैं, तो कृपया www.labor.ny.gov/minimumwage पर जाएं या कॉल करें: **1-888-469-7365।**

क्रेडिट और भत्ते जो आपके वेतन को ऊपर दिखाई गई न्यूनतम वेतन दरों से कम कर सकते हैं:

- **टिप** – 31 दिसंबर, 2020 से, आपके नियोक्ता को लागू पूरे न्यूनतम वेतन दर का भुगतान करना होगा, और कोई टिप क्रेडिट नहीं ले सकता है।
- **भोजन और आवास** – आपका नियोक्ता अपनी ओर से दिए जाने वाले भोजन और आवास के लिए आपके वेतन की सीमित राशि का दावा कर सकता है। ऐसा वे तब तक कर सकते हैं जब तक वे आपसे कुछ और शुल्क नहीं ले रहे हों। वेतन आदेश और सारांश में दरें और आवश्यकताएं निर्धारित की गई हैं, जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

अतिरिक्त वेतन जो ऊपर दिखाई गई न्यूनतम वेतन दर के उपरांत आपको देय हो सकता है:

- **ओवरटाइम** – 40 से अधिक (या आवासीय कर्मचारियों के लिए 44) साप्ताहिक घंटों के लिए आपको अपनी नियमित वेतन दर (ऊपर दिखाई गई राशि से कम नहीं) का 1½ गुना भुगतान किया जाना चाहिए।
  अपवाद: वेतनभोगी पेशेवरों, या अधिकारियों और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए ओवरटाइम की आवश्यकता नहीं है, जिनका साप्ताहिक वेतन न्यूनतम वेतन दर से 75 गुना अधिक है।
- **कॉल-इन पे** – अगर आप निर्धारित समय पर काम पर जाते हैं और आपके नियोक्ता आपको ज़ल्दी घर भेज देते हैं, तो आप उस दिन के लिए न्यूनतम वेतन दर पर अतिरिक्त घंटों के वेतन के हकदार हो सकते हैं।
- **स्प्रैड आवर्स** – यदि आपका कामकाज़ वाला दिन दस घंटे से अधिक समय तक रहता है, तो आप अतिरिक्त दैनिक वेतन के हकदार हो सकते हैं। दैनिक दर न्यूनतम वेतन दर पर एक घंटे के वेतन के बराबर है।
- **यूनिफ़ॉर्म का रखरखाव** – अगर आप अपने यूनिफ़ॉर्म की सफ़ाई खुद करते हैं, तो आप अतिरिक्त साप्ताहिक वेतन के हकदार हो सकते हैं। साप्ताहिक दरें ऑनलाइन उपलब्ध हैं।